भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
DIGITAL - EPAPER
RNI No. : RJHIN/25/A0890
वर्ष - 01 | अंक - 06 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 22 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# भीलवाड़ा में मानसून की पहली जोरदार बारिश

# 7 इंच बरसात से शहर जलमग्न, कई इलाकों में बने बाढ़ जैसे हालात





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शनिवार को मानसून की पहली भारी बारिश ने भीलवाड़ा शहर को जलमग्न कर दिया। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 175 मिमी करीब 7 इंच बारिश दर्ज की गई, जिसने शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए। तेज बारिश से सड़कों पर 3 से 4 फीट तक पानी भर गया, जिससे कई वाहन पानी में डूब गए और घरों-दुकानों में पानी घुसने की स्थिति बन गई।

### सड़कों पर बहा पानी, कॉलोनियां बनी जलाशय -

शहर की प्रमुख कॉलोनियों, गली-मोहल्लों और बाजारों में पानी भर गया। कई वाहन चालकों को जलभराव में गाड़ी फंसने की परेशानी झेलनी पड़ी। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बनने से जनजीवन प्रभावित हो गया।

### नगर निगम महापौर उतरे फील्ड में -

बारिश के चलते फैली अव्यवस्था को देखते हुए नगर निगम महापौर राकेश पाठक स्वयं निरीक्षण पर निकले। उन्होंने कहा, ÷भारी बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बनी है, नालों की मैन्युअल सफाई करवाई गई थी, लेकिन इस तरह की तेज वर्षा में समस्याएं सामने आती ही हैं।÷ पाठक ने भरोसा दिलाया कि नगर निगम की टीमें और आपदा प्रबंधन दल मौके पर तैनात हैं और जल्द हालात सामान्य कर दिए जाएंगे।

### जिलेभर में मानसूनी मेहरबानी, भीलवाड़ा अव्वल -

भीलवाड़ा जिले में शनिवार को अधिकांश स्थानों पर अच्छी बारिश दर्ज की गई। भीलवाड़ा शहर में सर्वाधिक 175 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि मांडलगढ़ में 130 मिमी और हमीरगढ़ में 125 मिमी पानी बरसा। कोटड़ी, कारोईकलां और बनेड़ा क्षेत्र भी भारी बारिश से प्रभावित रहे।

### जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश का आंकड़ा इस प्रकार रहा-

- भीलवाड़ा -175 मिमी
- मांडलगढ़ - 130 मिमी
- हमीरगढ़ - 125 मिमी
- कोटड़ी - 111 मिमी
- कारोईकलां - 89 मिमी
- शाहपुरा - 60 मिमी
- मांडल - 54 मिमी
- बनेड़ा - 56 मिमी
- हुरड़ा - 40 मिमी
- डाबला - 41 मिमी
- सहाड़ा - 43 मिमी
- शंभूगढ़ - 18 मिमी
- आसींद - 17 मिमी
- पारोली - 15 मिमी
- रायपुर - 15 मिमी
- मोखुंदा- 14 मिमी
- काछोला - 14 मिमी
- ज्ञानगढ़ - 3 मिमी
- जहाजपुर, फूलियाकलां - 1-1 मिमी
- शक्करगढ़, बागोर - शून्य मिमी

**जिले में कुल बारिश - 1045 मिमी दर्ज की गई।**

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का एक दिवसीय भीलवाड़ा दौरा

## विद्युत आपूर्ति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(मूलचंद पेसवानी)** राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री हीरालाल नागर शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। दौरे के दौरान उन्होंने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में जिलास्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में मंत्री नागर ने जिले में गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार फॉल्ट और ट्रिपिंग की शिकायतें गंभीर चिंता का विषय हैं, जिन्हें प्राथमिकता से दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने गर्मी के मौसम में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए पूर्व तैयारियों पर विशेष बल दिया।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता शिकायतों का त्वरित समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और प्रत्येक स्तर पर प्रभावी रिस्पॉन्स तंत्र विकसित किया जाए ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके।

**विद्युत चोरी पर जताई चिंता, वसूली और पारदर्शिता पर जोर-**

बैठक में विद्युत चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए नागर ने सतर्कता टीमों को सक्रिय करने तथा जन सहयोग से अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राजस्व वसूली में पारदर्शिता और समयबद्धता को अत्यंत आवश्यक बताया।

**ट्रांसफॉर्मर, कनेक्शन और मेंटेनेंस पर चर्चा -**

मंत्री नागर ने ट्रांसफॉर्मर की उपलब्धता, ओवरलोडिंग, बार-बार बिजली जाने, कृषि कनेक्शन, आरडीएसएस योजना, बजट घोषणाओं के कार्य, विद्युत लाइन की नियमित मेंटेनेंस जैसे मुद्दों पर अधिकारियों से रिपोर्ट ली और निर्देश दिए कि सभी योजनाएं तय समय और गुणवत्ता के साथ पूर्ण होनी चाहिए।

**बीएमएस कार्यालय का उद्घाटन व सम्मान समारोह में हुए शामिल -**

दौरे के दौरान मंत्री नागर ने बीएमएस कार्यालय का उद्घाटन किया और सम्मान समारोह में भाग लेते हुए आमजन की समस्याएं सुनीं, जिनमें से कई का मौके पर ही त्वरित निस्तारण भी किया गया।

**बिजली आपूर्ति केवल सेवा नहीं, विश्वास का विषय" - मंत्री नागर**


मंत्री नागर ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत विभाग सिर्फ आपूर्ति नहीं, बल्कि सेवा और विश्वास से जुड़ा हुआ विभाग है, और इसीलिए अधिकारियों को निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा।

**बैठक में जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद -**

बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी, मांडल विधायक उदयलाल भडाना, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, महापौर राकेश पाठक, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के एमडी नथमल डिडेल, एवीवीएनएल के एमडी केपी वर्मा, तकनीकी निदेशक एमसी बाल्दी, विशिष्ट सहायक मंत्री कालूराम मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा, अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र संचेती सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजौलिया में बंद मकान से युवक का शव बरामद, रहस्यमयी हालात में मौत से सनसनी





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

नगर के इंदिरा कॉलोनी स्थित एक बंद मकान में शुक्रवार रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अंकित (35) पुत्र नानूराम भील, निवासी रामनगर बैरन आसींद के रूप में हुई है, जो इन दिनों अपने ससुराल के मकान में रह रहा था।

अंकित पेशे से कटर ऑपरेटर था और रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक स्टोन फैक्ट्री में कार्यरत था। घटना के समय वह घर पर अकेला था, जबकि उसकी पत्नी, बेटा और दो बेटियां 19 जून को एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने मायके गई हुई थीं।

### बंद घर, टूटा संपर्क और फिर चौंकाने वाला दृश्य

दो दिनों तक अंकित से कोई संपर्क नहीं हो पाने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने अपने एक परिचित दीनू सेन को स्थिति देखने भेजा। मकान चारों ओर से बंद था और अंकित द्वारा दरवाजा न खोलने पर तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो मकान के बरामदे में लोहे के बक्से के पास युवक का शव जमीन पर पड़ा मिला, उसके सिर से खून बह रहा था। प्रथम दृष्ट्या, पुलिस को आशंका है कि युवक नींद में बक्से से गिरा हो और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई हो।

### प्रशासनिक परिवार से संबंध, जांच के लिए तीन संभावनाएं -

पुलिस हेड कांस्टेबल हरी सिंह ने बताया कि मृतक के पिता नानूराम भील आसींद में नायब तहसीलदार हैं, जबकि ससुर देवीलाल बागोर तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है। शनिवार को मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# आकोला में बारिश के चलते बड़ा हादसा, दीवार गिरने से चार मवेशियों की मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**( जसवंत पारीक )** कस्बे में शनिवार को हुई तेज बारिश एक दर्दनाक हादसे का कारण बन गई। कस्बे में स्थित एक निजी बाड़े की करीब 50 फीट लंबी पक्की दीवार भरभराकर ढह गई। इस हादसे में तीन गायों और एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय और एक भैंस गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के समय सभी मवेशी बाड़े में ही मौजूद थे। दीवार गिरते ही कुछ मवेशी मलबे में दब गए, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता से रेस्क्यू कर निकाला गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाया और घायल मवेशियों को बाहर निकालकर इलाज शुरू कराया। घटना की सूचना मिलते ही बडलियास थाना प्रभारी जेठा लाल, बीट प्रभारी बजरंग लाल सेन, राजेंद्र कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एनिमेश भीरानिया और स्थानीय पटवारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लेकर मौका मुआयना रिपोर्ट तैयार की। प्रशासन की ओर से मवेशी मालिक को नियमानुसार सहायता राशि दिलवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# बिजोलिया में बीज वितरण में अनियमितता पर कार्रवाई, अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों को मिला पूरा बीज



बिजोलिया - भीलवाड़ा से निरीक्षण करने पहुचे अधिकारी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

शनिवार को प्रकाशित खबर 3 हजार किलो बीज रोके जाने का आरोप के बाद कृषि विभाग हरकत में आ गया। संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन के निर्देश पर सहायक निदेशक डॉ. धीरेंद्र सिंह राठौड़ और कृषि अधिकारी सिद्धार्थ सोलंकी ने मालीपुरा वितरण केंद्र पर पहुंचकर निरीक्षण किया और तय मानकों के अनुसार सोयाबीन का बीज वितरण शुरू करवाया।

इससे पहले शनिवार सुबह किसानों को फिर से कम बीज मिलने की शिकायतें आईं, जिससे नाराज किसानों ने कुछ देर प्रदर्शन भी किया लेकिन समझाईश के बाद में अधिकारियों की निगरानी में वितरण सुधार किया गया।

डॉ. राठौड़ ने बताया कि किसानो को तिलहन बीज वितरण में कम बीज देने की शिकायत के बाद शनिवार को मौका स्थिती पर जानकारी ली गई है । जहां किसानो को तय मानको के हिसाब से निर्धारित बीज देने के लिए निर्देशित किया गया है । किसानो को दिया जा रहा सोयाबीन का बीज पंचवर्षीय योजना है, जिसमें बीज बुवाई के बाद फसल की फोटो भेजना अनिवार्य होगा। जिन किसानों को कम बीज मिला था, उन्हें भी शेष बीज दिया जा रहा है।

इस दौरान मौके पर भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष मनोज सांखला, सहायक नोडल अधिकारी उदयलाल कोली, एफपीओ निदेशक शंभुलाल जाट और प्रमोद धाकड़ भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि शुक्रवार को 100 से अधिक किसानों को तिलहन बीज वितरण में कम बीज मिला था और करीब 3,000 किलो बीज का वितरण नहीं हो सका था, जिस पर किसानों ने विभाग पर निर्धारित मापदंड से कम बीज देने और लापरवाही के आरोप लगाए थे। जांच के निर्देश के बाद अब वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत न्यायालय परिसर में पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

अभिभाषक परिषद के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के अंतर्गत सिविल न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं और न्यायालय से जुड़े कर्मचारियों ने परिसर में विभिन्न छायादार और पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए।

पौधरोपण के साथ ही उनकी नियमित देखभाल, सिंचाई और संरक्षण का संकल्प लिया गया, जिससे पर्यावरण संतुलन के साथ परिसर को हराभरा और स्वच्छ बनाया जा सके।

इस अवसर पर अधिवक्ता ब्रह्म प्रकाश तिवारी, नरेश सिंह तंवर, दीपक मीणा, गौरव शर्मा, ओमप्रकाश धाकड़, मनीष धाकड़, शिवलाल धाकड़, कांस्टेबल लाखन सिंह और अनवर तंवर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर तेज बारिश में भी महिलाओं का उत्साह, किया योगाभ्यास

**धाकड़ महासभा महिला इकाई भीलवाड़ा के तत्वावधान में हुआ आयोजन**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष महिला इकाई भीलवाड़ा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आदर्श धाकड़ विद्यापीठ संस्थान, नयागांव में योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर तेज बारिश के बावजूद महिलाओं में योग के प्रति उत्साह कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। आयोजन धाकड़ महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष राज श्री नागर एवं प्रदेशाध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ के निर्देशन में संपन्न हुआ।


योग कार्यक्रम में उपप्रधान कैलाश धाकड़, प्रधानाचार्य सरिता धाकड़, एएनओ सत्यनारायण धाकड़ और विद्यालय स्टाफ सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। आयोजन में न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समाज में अनुशासन और सहभागिता का भी संदेश दिया।

# बिजौलिया नगर पालिका पर निर्माण में अनियमितता के आरोप, नर्सरी निर्माण से पहले टेंडर प्रक्रिया को लेकर उठा सवाल

**ईओ बोले - संबंधित निर्माण की निविदा पहले ही खुल चुकी है, सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी और ऑनलाइन पोर्टल पर**



बिजोलिया : रीको के नजदीक बनी नर्सरी



बिजोलिया : ज्ञापन देते जिला परिषद सदस्य एवं अन्य

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

नगर पालिका बिजौलिया द्वारा रिको क्षेत्र के समीप नर्सरी का निर्माण टेंडर जारी होने से पहले ही कराए जाने का मामला शनिवार को गर्मा गया। नगरवासियों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार ललित डीडवानिया को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 13 जून को टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई, जबकि 19 जून को निविदा खोलने से पहले ही ग्रीन शेड नेट, लोहे के पोल, गार्ड रूम और पौधारोपण के लिए गड्ढों की खुदाई जैसे निर्माण कार्य स्थल पर पहले ही प्रारंभ कर दिए गए थे। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि निर्माण की कुल अनुमानित लागत 8 लाख रुपए दर्शाई गई है, जिसमें नर्सरी ढांचे के लिए 4.84 लाख और गार्ड रूम व जल व्यवस्था के लिए 3.16 लाख रुपए शामिल हैं।

नगरवासियों ने आरोप लगाया कि यह सब कार्य पूर्वनिर्धारित ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जल्दबाजी में करवाए गए, जिससे टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। साथ ही आरोप यह भी है कि निर्माण स्थल का चयन बिना विधिवत स्वीकृति के किया गया है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी व वित्तीय जांच कराई जाए । टेंडर प्रक्रिया से पहले कार्य आरंभ करने के कारणों की जांच हो एवं वास्तविक लागत का मूल्यांकन कर जनधन के दुरुपयोग को रोका जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, राहुल सेठिया, मनीष टाक, रणजीत सिंह कानावत, महेंद्र सिंह, विशाल तिवारी, शुभम, सुरेंद्र, कमलेश सहित कई स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### ईओ ने लगाए गए आरोपों को किया खारिज, कहा - प्रक्रिया पारदर्शी और नियमानुसार

इस मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने सभी आरोपों को अस्वीकार करते हुए कहा कि जिस नर्सरी का जिक्र किया जा रहा है, उसकी निविदा 6 मई को ही खोली जा चुकी है और उसके वर्क ऑर्डर भी पूर्व में ही जारी कर दिए गए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 13 जून को जो 8 लाख रुपए के दो कार्यों का टेंडर निकाला गया, वह नगर क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों के लिए है, न कि रीको के नजदीक बनी नर्सरी के लिए है । ईओ मंगल ने यह भी कहा कि सारी निविदाएं ऑनलाइन पोर्टल पर भी चढ़ाई गई हैं, और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की ऑफलाइन या अनियमित गतिविधि नहीं अपनाई गई है। उन्होंने दावा किया कि पालिका द्वारा सभी कार्य नियमों के तहत और पारदर्शी तरीके से किए जा रहे हैं।

# भाविप शाखा भोजरास द्वारा योग शिविर का समापन



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** भारत विकास परिषद शाखा भोजरास व आयुष हेल्थ केयर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय योग शिविर का समापन 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोजरास में सुबह 6 से 8 बजे तक योग प्रशिक्षकों पुष्पेंद्र जाट व सुनीता जाट द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। परिषद की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष भंवरलाल टेलर, सचिव अमर सिंह राठौड़, सेवा संयोजक अशोक अजमेरा, महिला संयोजक कैलाश देवी टेलर, सहित 125 से अधिक ग्रामीणजन एवं मातृशक्ति ने भाग लिया। शिविर का संचालन चिरंजीव वैष्णव ने किया। समापन वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ।

# भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने ली मोर्चों की समीक्षात्मक बैठक

**श्यामप्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस व आपातकाल के 50 वर्ष पर होगी विचार गोष्ठी**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जिला कार्यालय पर संगठन के सभी मोर्चा जिलाध्यक्षों की बैठक लेकर पार्टी स्थापना दिवस से लेकर अंतराष्ट्रीय योग दिवस तक के कार्यक्रमों की समीक्षा की।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने विगत 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस से लेकर गांव बस्ती चलो अभियान, अम्बेडकर जयंती, वक्फ सुधार जनजागरण अभियान, अहिल्याबाई होलकर जयंती, तिरंगा यात्रा, सिंदूर यात्रा, संकल्प से सिद्धि तक अभियान, विकसित भारत संकल्प सभा सहित 17 से 20 जून तक आयोजित मंडल एवं जिला स्तर योग शिविर जैसे विभिन्न आयोजनों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस एवं 25 जून को आपातकाल के काले अध्याय के 50 वे वर्ष के उपलक्ष्य में 24 जून मंगलवार को जिला कार्यालय पर सुबह 11.30 बजे विचारगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन आपातकाल के योद्धाओं को भी सम्मानित करेगा।

बैठक में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकरलाल जाट, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवत सिंह खैराबाद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र मीणा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूरण डीडवानिया, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष इमरान कायमखानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू पालीवाल उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### बिजौलिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 1900 से अधिक लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**





बिजोलिया : योग करते हुए प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

**( मानव तिवाड़ी)** - 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बिजौलिया उपखंड योगमय हो उठा। प्रमुख आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीन भवन, धार्मिक स्थल तिलस्वा और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर हुआ, जिसमें 1900 से अधिक लोगों ने भाग लिया।
योगाभ्यास का संचालन प्रशिक्षकों अभिषेक तैली व राजकुमारी चौधरी ने किया। कार्यक्रम में तहसीलदार ललित डिडवानिया, ईओ पंकज कुमार, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, सीबीईओ दिलीप सिंह, डॉ. रिजवाना खान, डॉ. अजय यादव, जनप्रतिनिधियों व कई गणमान्यजनों ने भाग लिया। नोडल अधिकारी डॉ. संजय कुमार नागर ने योग को आत्मा और शरीर का सेतु बताते हुए सभी को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का समापन प्रतिदिन योग और मतदाता जागरूकता संकल्प के साथ हुआ।

## नौगांवा धाम में सांवलिया सेठ का योगिनी एकादशी पर भव्य श्रृंगार, दर्शन को उमड़े सैकड़ो भक्त


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



**(पंकज पोरवाल)** । श्री सांवलिया सेठ मंदिर नौगांवा धाम में योगिनी एकादशी पर भगवान का स्वर्णिम आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया गया। भगवान के दिव्य दर्शन के लिए सुबह से शाम तक सैकड़ो भक्त उमड़े। संरक्षक डीपी अग्रवाल, चंद्रप्रकाश आगाल, कैलाश डाड, श्रवण सेन, भंवरलाल दरगढ़, सुनील नवाल, मनीष बहेड़िया सहित जिलेभर से भक्त भगवान की महाआरती में शामिल हुए। 25 जून को सुबह रामस्वरूप अग्रवाल की ओर से अभिषेक का कार्यक्रम रहेगा। ठाकुरजी को छप्पन्न भोग लगाया जाएगा। विश्नोई समाज पुर की ओर से संगीत संध्या होगी। ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि पुजारी दीपक एवं आनंद पाराशर, ने श्रृंगार में अपना पूरा योगदान दिया जिसकी अनुपम छटा निहारने के लिए भक्त आतुर दिखे। मंदिर में नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं को मठड़ी का प्रसाद भी उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही गो परिक्रमा करने के लिए भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मंदिर में जन्माष्टमी का महापर्व तीन दिवसीय कार्यक्रमों के साथ महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। वृंदावन की चल झांकियां रहेगी। श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए वाहनों की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

# देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी पर ऐतिहासिक योग दिवस समारोह

### 1111 लोगों ने एक साथ किया योग, सवाई भोज मंदिर परिसर में भी रहा उत्साहपूर्ण आयोजन



आसिंद: मालासेरी डुंगरी पर योगाभ्यास करते हुए



आसिंद: सवाई भोज मंदिर में किया योगाभ्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आसींद क्षेत्र में दो ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों मालासेरी डूंगरी और सवाई भोज मंदिर परिसर में भव्य और प्रेरणादायक योग आयोजन किए गए। दोनों ही कार्यक्रमों ने जन सहभागिता, स्वास्थ्य जागरूकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

**सवाई भोज मंदिर परिसर में हुआ सामूहिक योग शिविर**

योग दिवस की शुरुआत सुबह 7 बजे आसींद के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर परिसर में हुई, जहां महंत सुरेश दास महाराज और क्षेत्रीय विधायक जबर सिंह सांखला की विशेष उपस्थिति में सामूहिक योग शिविर का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, महिलाओं, युवाओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर समाज में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रतिभागियों ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कर दिन की शुरुआत ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ की।

**मालासेरी डूंगरी पर 1111 जनों ने एक साथ किया योग, रचा कीर्तिमान**

वही सुबह 6 से 7 बजे तक मालासेरी डूंगरी स्थित भगवान देवनारायण की जन्मस्थली पर 1111 प्रतिभागियों ने एक साथ सामूहिक योगाभ्यास कर एक नया इतिहास रच दिया। यह आयोजन केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय और राजस्थान सरकार की पहल के तहत धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर योग दिवस मनाने की योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया।
कार्यक्रम का संचालन आयुर्वेद विभाग के वरिष्ठ कंपाउंडर सुरेश चंद्र पारीक के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि योगाभ्यास का निर्देशन योग प्रशिक्षकों चंदा रेगर और चंद्रकांता सूत्रकार ने किया।

**आयोजन में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही विशेष उपस्थिति**

इस ऐतिहासिक अवसर पर भगवान देवनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल, मंदिर विकास समिति अध्यक्ष जयदेव चाड़, सरपंच ममता देवी भील, परशुराम राय, नर्स टीनू डीडवाणिया, सहायक सचिव नारायण लाल भील, वरिष्ठ लिपिक रामेश्वर शर्मा, भू-राजस्व अधिकारी संगीता शर्मा, योग प्रशिक्षक कमलेश वैष्णव, महेन्द्र मेवाड़ा, धीरज सोनी, सीता देवी, मंदिर मीडिया प्रभारी शिवराज गुर्जर, लादी देवी, श्री कृष्णा कंवर, विनीता पारीक, नेहा तौषनीवाल, सुनीता तौषनीवाल उपस्थित रहे ।

**"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" थीम को मिला जीवंत स्वरूप -**

इस वर्ष योग दिवस की थीम ÷एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य÷ रही, जिसे मालासेरी डूंगरी पर हुए आयोजन में साकार रूप मिला। वरिष्ठ कंपाउंडर पारीक ने कहा कि ÷जब 1111 लोग एक साथ योग करते हैं, तो वह केवल व्यायाम नहीं, सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का उत्सव होता है।

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के बिजौलिया आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

### समस्याओं से कराया अवगत, जल्द समाधान का मिला आश्वासन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**( रमेश गुर्जर )** राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का शनिवार को बिजौलिया फोरलेन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।
स्वागत भाजपा नेता पंकज जैन के नेतृत्व में किया गया, जिनके साथ कार्यकर्ताओं ने मंत्री नागर को ऊर्जा विभाग से जुड़ी स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया।
इस अवसर पर मंत्री नागर ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और भरोसा दिलाया कि जनता को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।



बिजौलिया: स्वागत के दौरान मौजूद कार्यकर्ता


गौरतलब है कि मंत्री नागर बूंदी से भीलवाड़ा जाते समय अल्पविराम के दौरान बिजौलिया पहुंचे थे।
स्वागत के दौरान हेमंत जैन, डॉ. संस्कार सोनी, अविनाश जैन, धर्मराज गुर्जर और विकास जैन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ परिसर में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

### प्रधानमंत्री का संबोधन भी LED स्क्रीन पर दिखाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू**

**( दिनेश गुर्जर )** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार सुबह श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ परिसर स्थित रामलीला मैदान में योग दिवस बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया।
यह आयोजन राज्य सरकार, देवस्थान विभाग तथा स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न हुआ। सुबह 6:30 से 8:00 बजे तक चले इस योग अभ्यास सत्र में संस्थान के सदस्य, कर्मचारी, वेद विद्यालय के बटुक व अध्यापकगण, साथ ही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धारला एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय उमर के छात्र-छात्राएं ड्रेस यूनिफॉर्म में अपने प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के साथ उपस्थित रहे। श्रद्धालु भक्तों ने भी उत्साहपूर्वक योग सत्र में भाग लिया।



विशेष आकर्षण के रूप में संस्थान द्वारा बड़ी स्थ्वष्ठ स्क्रीन लगवाई गई थी, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योग दिवस पर देश को संबोधन तथा भारत और विदेशों में आयोजित प्रमुख योग कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण दिखाया गया।
संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने सभी उपस्थित सदस्यों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नियमित योग को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार जताया।

# बिजौलिया में हरियाली की कमी, एकमात्र पथिक पार्क बदहाली का शिकार


## नगर में सार्वजनिक पार्कों का अभाव, सौंदर्यीकरण और संरक्षण की सख्त ज़रूरत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

नगर के हृदयस्थल में स्थित पचास वर्ष पुराना पथिक पार्क आज बदहाल स्थिति में उपेक्षा की पीड़ा झेल रहा है। किसान आंदोलन के नायक विजय सिंह पथिक की प्रतिमा से सुसज्जित यह ऐतिहासिक पार्क कभी नगरवासियों के लिए हरा-भरा विश्राम स्थल था, पर अब यह गंदगी, अतिक्रमण और प्रशासनिक उदासीनता के कारण अपनी पहचान खोता जा रहा है।

**समय की धूल में खोता ऐतिहासिक उपवन**

1990 में तत्कालीन सरपंच दलपत सिंह ने इस पार्क को नया जीवन देने का प्रयास करते हुए यहां नियमित बागवानी, हरियाली और सुव्यवस्था की नींव रखी थी। लेकिन समय के साथ पंचायत और नगरपालिका की लापरवाही, अस्थायी दुकानों का कब्जा, जलदाय विभाग की टंकी, मूत्रालय निर्माण और अव्यवस्थित सब्जी मंडी की स्थापना ने पार्क को कचरे के ढेर में तब्दील कर दिया।



बिजोलिया : एक मात्र पथिक पार्क में बारिश के बाद भरा पानी

**नगर में कहीं और नहीं है पार्क**

पिछले तीन दशकों में इंदिरा कॉलोनी, पथिक नगर, धानमंडी योजना, माणक मगरी, जानकी नगर, साधू सीताराम कॉलोनी समेत कई कॉलोनियां बसीं, लेकिन कहीं भी पार्क की कोई योजना नहीं बनी। जो भूमि पार्क के लिए आरक्षित थी, वहां पूर्व पंचायतों के कार्यकाल में भूखंड काटकर बेच दिए गए, जिससे नगर एक हरित स्थल से भी वंचित रह गया।

**बढ़ती आबादी, घटती हरियाली**

करीब 20 हजार की आबादी वाले इस नगर में बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों के लिए आज एक भी सुसज्जित, सुरक्षित और हरित पार्क नहीं है। पलकी नदी और विजय सागर तालाब किनारे बने छोटे पार्क भी उपेक्षित पड़े हैं।

**इन स्थानो बन सकते हैं नए पार्क स्थल**

देवनारायण डूंगरी , विजय सागर तालाब का किनारा इन दोनों स्थानों पर हरियाली बढ़ाने, ट्रैक, बेंच, फव्वारे और बच्चों के झूले जैसी सुविधाओं के साथ आदर्श पार्क बनाए जा सकते हैं, जिससे नगर को नई पहचान और स्वच्छ वातावरण मिल सकता है।

**पार्क का विकासः समय की मांग, जनता की ज़रूरत**

बिजौलिया में सार्वजनिक पार्कों की भारी कमी है, जिससे नागरिकों को टहलने, व्यायाम, मनोरंजन और सामाजिक मेलजोल के अवसर नहीं मिल पाते। ऐसे में एकमात्र पथिक पार्क का सौंदर्यीकरण, बाधा रहित प्रवेश, हरियाली का पुनर्सृजन और स्थायी देखरेख अत्यंत आवश्यक है।

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर हुआ आयोजन

## सैकड़ों योग साधकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास,योग भी, वोट भी' का दिया संदेश



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा । जिलेभर में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शांति भवन जैन स्थानक में किया गया। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी आमजन को दिखाया गया, जिसे प्रतिभागियों ने रुचि के साथ देखा।**

**प्रारंभ में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास संपन्न हुआ। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. निकिता चौधरी के निर्देशन में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वक्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया।**

**'योग भी, वोट भी' अभियान के तहत दिलाई गई मतदाता शपथ**



कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ लोकतंत्र को मजबूती देने के उद्देश्य से ''योग भी, वोट भी'' अभियान के तहत मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। सांसद दामोदर अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को मतदाता पंजीकरण, नैतिक एवं अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक किया गया। शपथ में सभी ने लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने एवं बिना किसी भेदभाव अथवा प्रलोभन के मतदान करने का संकल्प लिया।

सांसद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान दिलाने की सराहना की। विधायक अशोक कोठारी ने योग मुद्राएं कर नियमित योगाभ्यास की प्रेरणा दी। जिला कलेक्टर संधू ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

**हर उम्र में दिखा उत्साह - हुआ संकल्प**

सुबह 6 बजे से ही भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में प्रतिभागी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। स्कूली विद्यार्थी, एनसीसी, स्काउट गाइड व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि हम सदैव अपनी सोच में संतुलन बनाए रखेंगे, अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहेंगे और विश्व में शांति, आनंद एवं स्वास्थ्य का प्रचार करेंगे।

**योग का दिया संदेश**

इस दौरान योग संदेश आमजन तक पहुंचाया गया। बताया गया कि ÷योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म, आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का पूर्णतावादी दृष्टिकोण है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वयं, विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। योग हमारी जीवनशैली में परिवर्तन लाकर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक हो सकता है।

कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, यूआईटी सचिव ललित गोयल, उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ. महाराज सिंह, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. जी.एल. शर्मा, सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी सहित अनेक अधिकारी, संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं योग साधक उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने किया।

## QUICK BITES

# भारत विकास परिषद नेताजी सुभाष शाखा का योग शिविर संपन्न

### 325 लोगों ने किया योगाभ्यास, लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(पंकज पोरवाल)।** भारत विकास परिषद नेताजी सुभाष शाखा द्वारा आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन सुभाष नगर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ।

पतंजलि परिवार भीलवाड़ा के सहयोग से हुए इस शिविर में योग शिक्षक भंवरलाल शर्मा एवं प्रांतीय संयोजक रजनीकांत आचार्य की उपस्थिति रही। समापन अवसर पर 325 से अधिक लाभार्थियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। शिविर प्रभारी दिनेश विजयवर्गीय ने आभार जताया। समापन के दौरान शाखा अध्यक्ष पंकज लोहिया, सचिव कैलाश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश रावत एवं महिला संयोजिका मधु लढ़ा सहित परिषद परिवार की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में शाखा की साधारण सभा की तृतीय बैठक भी संपन्न हुई।

# देशभर से आए 33 शिक्षक लेंगे 15 दिवसीय प्रशिक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(रमेश चंद्र डाड)।** बरूंदनी चौराहे पर स्थित श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्याश्रम वेद संस्थान में शनिवार को 15 दिवसीय अथर्ववेद पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह पाठ्यक्रम महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है, जिसका संयोजन श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्याश्रम वेद संस्थान बरूंदनी द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं चारों वेदों के मंगलाचरण से की गई।

पाठ्यक्रम के दौरान वेद, उपनिषद, ब्राह्मण ग्रंथ, हिंदी-अंग्रेज़ी साहित्य, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, कंप्यूटर आदि विषयों में शिक्षकों को गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अथर्ववेद के प्रतिष्ठित विद्वान प्रो. डॉ. नारायण इस प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

देश के विभिन्न राज्यों–उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात आदि से 33 शिक्षक इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षणार्थियों के भोजन, आवास एवं अन्य व्यवस्थाएं संस्थान परिसर में ही की गई हैं।

संस्थान अध्यक्ष राधेश्याम पंचोली एवं उपाध्यक्ष वेणुगोपाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

संस्थान प्रबंधक मुरलीधर पंचोली ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का संचालन ईश्वरलाल शर्मा ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य बृजमोहन शर्मा, वेद विद्यालय प्राचार्य कैलाशचंद्र जोशी, पाठशाला संयोजक सुरेश तिवारी, नीलांबर त्रिपाठी, महेंद्र शर्मा, महेशकांत पंचोली, उमाकांत जोशी सहित अनेक विद्वान एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890